उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,
पिकप भवन, तृतीय तल, गोमती नगर,
लखनऊ – 226010

संख्या :- 114 /09/कम्प्यूटर- अनुभाग(12)/2018/15(3)/2016

लखनऊ : दिनांक : 16 नवम्बर, 2019

आवश्यक सूचना

आयोग के विज्ञापन संख्या-15(3)/2016 द्वारा नलकूप चालक (सा0च0) परीक्षा/2016 के अंतर्गत विज्ञापित नलकूप चालक पद के लिए लिखित परीक्षा के आधार पर अर्ह घोषित 3210 अभ्यर्थियों के अभिलेखों का परीक्षण/सत्यापन दिनांक-22-07-2019 से 29-07-2019 तक एवं अतिरिक्त 783 अभ्यर्थियों व पूर्व में अनुपस्थित अभ्यर्थियों के अभिलेखों का परीक्षण/सत्यापन दिनांक-09-10-2019 से 11-10-2019 तक आयोग कार्यालय में कराया गया है। इस प्रकार उपर्युक्त दो चरणों में कुल 3993 अभ्यर्थियों के अभिलेखों का परीक्षण/सत्यापन आयोग कार्यालय में कराया गया है।

उक्त अभ्यर्थियों के अभिलेखों के परीक्षण/सत्यापन की प्रक्रिया के उपरान्त अर्ह पाये गये अभ्यर्थियों की अंतिम चयन सूची बनाने की प्रक्रिया के दौरान यह तथ्य सामने आया है कि अनुसूचित जाति के 433 पदों के सापेक्ष 421 अभ्यर्थी ही अंतिम चयन हेतु अर्ह पाये गये हैं। इस प्रकार अनुसूचित जाति के 12 पद रिक्त रह जा रहे हैं।

नलकूप चालक पद हेतु गोपन अनुभाग के पत्र संख्या-626/गोपन अनुभाग/1/5/2019, दिनांक-13-09-2019 द्वारा लिखित परीक्षा के आधार पर अंतिम चयन के लिये अभिलेख परीक्षण/सत्यापन हेतु अनुसूचित जाति श्रेणी के अंतिम अर्ह अतिरिक्त अभ्यर्थी का प्राप्तांक 32.5 है। आयोग के निर्णय दिनांक-16-11-2019 के क्रम में अनुसूचित जाति के उक्त 12 रिक्त पदों के दृष्टिगत लिखित परीक्षा के आधार पर अनसूचित जाति के निम्नलिखित 38 अभ्यर्थियों, जिनके प्राप्तांक 32.00 तक हैं, को अंतिम चयन के लिए अभिलेख परीक्षण/सत्यापन हेतु बुलाया जाता है-

Advertisement-15(3)/2016 (ROLL NO.) SC-38 extra candidates, 3rd list						
00020440	00030935	00045942	00069459	00097173	00138895	00185739
00022275	00031346	00047494	00071644	00112100	00158661	00194696
00022385	00035184	00048809	00076118	00114736	00161803	
00027778	00036395	00059324	00076249	00123465	00170195	
00030488	00040415	00059503	00088381	00133597	00171690	
00030584	00041719	00062136	00091206	00137154	00177685	

उपर्युक्त सारिणी में उल्लिखित अनुक्रमांक से संबन्धित समस्त 38 अभ्यर्थियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि वे दिनांक-22-11-2019 को प्रातः 10.00 बजे मूल प्रमाण पत्रों एवं उनकी छायाप्रति सहित अभिलेखादि के परीक्षण/सत्यापन हेतु पिकप भवन, तृतीय तल, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ स्थित आयोग कार्यालय में उपस्थित होना सुनिश्चित करें। संबन्धित अभ्यर्थियों को यह भी सूचित किया जाता है कि उक्त निर्धारित तिथि को यदि कोई अभ्यर्थी अभिलेखादि के परीक्षण हेतु उपस्थित नहीं होता है तो उसे अन्य कोई अवसर प्रदान नहीं किया जायेगा।

उपरोक्त अभिलेखादि के परीक्षण/सत्यापन हेतु अर्ह पाये गये 38 अभ्यर्थियों को एतदद्वारा यह भी सूचित किया जाता है कि वे आयोग की **वेबसाइट upsssc.gov.in** पर उपलब्ध **Examination/Interview Segment** के अतंर्गत **Download Document Verification Letter** पर क्लिक कर, वांछित प्रविष्टियां अंकित कर, आगे की प्रक्रिया पूर्ण करने के उपरान्त ही वे अपने **Document Verification Letter** व अन्य 04 प्रपत्र दिनांक-18-11-2019 से Download कर सकेगें। अभिलेखादि परीक्षण हेतु बुलाये गये अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि अर्हता एवं अभिलेखादि के परीक्षण हेतु बुलाये जाने मात्र से अंतिम चयन परिणाम में सम्मिलित किये जाने का दावा स्वीकार्य नहीं होगा।

(बिपिन कुमार मिश्र)
परीक्षा नियंत्रक।